जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

(अकादमिक शाखा)

क्रमांक / जनावि / अका / प्रवेश / 26 / 2023 दिनांक 14.05.2026

प्रवेश सम्बन्धी सूचना

इस विश्वविद्यालय के कला संकाय, सामाजिक विज्ञान संकाय, शिक्षा संकाय, वाणिज्य संकाय, प्रबंधन संकाय, विज्ञान संकाय, अर्थ सिस्टम साईन्स संकाय, अभियांत्रिकी संकाय एवं संघटक महाविद्यालय / संस्थान (कमला नेहरू महिला महाविद्यालय एवं सायंकालीन अध्ययन संस्थान) के विभिन्न स्नातक स्तरीय तीन वर्षीय / चार वर्षीय पाठ्यक्रमों (Multiple Entry-Exit) के प्रथम सेमेस्टर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 एवं AEDP (Apprenticeship Embedded Degree Programme) के अनुसार सत्र 2026–27 के लिए ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 15.05.2026 से आरम्भ होगी। ऑनलाईन प्रवेश फॉर्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jnvu.edu.in पर उपलब्ध होंगे।

सभी कक्षाओं हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथियां निम्न प्रकार से होगी –

कला संकाय, सामाजिक विज्ञान संकाय, शिक्षा संकाय, वाणिज्य संकाय, प्रबंधन संकाय, विज्ञान संकाय, अर्थ सिस्टम साईन्स संकाय, अभियांत्रिकी संकाय एवं संघटक महाविद्यालय / संस्थान (कमला नेहरू महिला महाविद्यालय एवं सायंकालीन अध्ययन संस्थान) के स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के लिए।	ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ होने की तिथि	बिना विलम्ब शुल्क के अंतिम तिथि	विलम्ब शुल्क के साथ अंतिम तिथि
(1)	(2)	(3)	(4)
उक्त संकायों के सभी स्नातक स्तर (प्रथम सेमेस्टर) में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 एवं AEDP के पाठ्यक्रमों / डिप्लोमा / सर्टिफिकेट कोर्स (12वीं उतीर्ण के आधार पर प्रवेश पाने वाले समस्त विद्यार्थी के लिए)।	15.05.2026	25.05.2026	01.06.2026

नोट; 1. अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि ऑनलाईन फॉर्म भरने के पश्चात् हार्ड कॉपी सम्बधित संकाय / विभाग में जमा कराने की आवश्यकता नहीं है।

2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 से संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन करते समय आवेदक को डिग्री के मुख्य विषय (Major Subject) के चयन हेतु विषयवार प्राथमिकता देनी होगी।
3. आवेदक द्वारा दी गई विषय की प्राथमिकता एवं मैरिट, दोनों को ध्यान में रखते हुए प्रवेश काउंसलिंग के माध्यम दिया जाएगा।
4. द्वितीय विषय (Minor Subject) का आवंटन मुख्य विषय (Major Subject) के निर्धारण के पश्चात् प्राथमिकता एवं मैरिट के आधार पर होगा।
5. प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया की विस्तृत सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगी।
6. विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि प्रवेश से संबंधित अद्यतन सूचना हेतु विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाईट का नियमित अवलोकन करते रहें।
7. भुगतान संबंधी समस्याओं से बचने हेतु ऑनलाईन आवेदन करते समय विद्यार्थी स्वयं के मोबाईल नम्बर एवं बैंक खाता संख्या ही दर्ज करें।
8. अभ्यर्थियों को आवेदन करने में किसी भी तरह की असुविधा होने पर jnvucare@gmail.com पर मेल एवं मोबाईल नं. 7610874976 पर (कार्यालय दिवस में समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक) सम्पर्क कर सकते है।
9. विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त निजी महाविद्यालयों में प्रवेश केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली से किया जाएगा जिसकी विस्तृत सूचना शीघ्र जारी की जाएगी।

कुलसचिव

क्रमांक / जनावि / अका / प्रवेश / 26 / 2023 दिनांक 14.05.2026

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं–

1. समस्त अधिष्ठाता / समस्त विभागाध्यक्ष, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर।
2. निदेशक, कमला नेहरू महिला महाविद्यालय / सायंकालीन अध्ययन संस्थान, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर।
3. समस्त सिण्डीकेट सदस्य / एकेडमिक कॉसिल सदस्य, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि 'प्रवेश संबंधी सूचना' को जोधपुर संभाग स्तरीय समाचार पत्रों में "प्रेस न्यूज" जारी करवाने का श्रम करावें।
5. वित्त नियन्त्रक / परीक्षा नियन्त्रक / चीफ प्रोक्टर, प्रोक्टरियल बोर्ड / वार्डन (समस्त छात्रावास) / जनसम्पर्क अधिकारी / पुस्तकालयध्यक्ष, केन्द्रीय पुस्तकालय एवं संकाय पुस्तकालय, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर।
6. प्राचार्य, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर।
7. आनलाईन प्रभारी, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर।
8. समस्त सहायक कुलसचिव / संकाय प्रभारी / प्रभारी अधिकारी. जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर।
9. निजी सचिव कुलपति / निजी सहायक कुलसचिव. जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर।
10. कार्यालय नोटिस बोर्ड।

14/5/2026

सहायक कुलसचिव